# Class - 6
# Subject - HINDI
## पाठ – 2 वर्ण विचार

2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

क. वर्ण किसे कहते हैं और ये कितने प्रकार के होते हैं?

उत्तर किसी भी भाषा में वर्णों का व्यवस्थित समूह वर्णमाला कहलाता है।

ख. स्वर किन्हें कहते हैं? उनके भेदों को सोदाहरण लिखिए।

उत्तर जिन वर्णों का उच्चारण बिना किसी वर्ण की सहायता से किया जाता है, उन्हें स्वर कहते हैं।

स्वर के तीन भेद होते हैं :–

| | नाम | उदाहरण |
|---|---|---|
| 1. | ह्रस्व स्वर | अ, इ, उ, ऋ |
| 2. | दीर्घ स्वर | आ, ई, ऊ, ए, ऐ, ओ, औ |
| 3. | प्लुत स्वर | ओऽम्, सुनो ऽऽऽ |

ग. व्यंजन की परिभाषा बताइए और स्पर्श व्यंजन के पाँच उदाहरण दीजिए।

उत्तर ऐसे वर्ण, जिनके उच्चारण में स्वरों की सहायता लेनी पड़ती है, व्यंजन कहलाते हैं।

उदाहरण – क, ख, ग, च, प आदि

घ. अंतःस्थ व्यंजन कौन–कौन से होते हैं?

उत्तर अंतःस्थ व्यंजन चार हैं – य, र, ल, व

ङ उष्म व्यंजन कौन–कौन से हैं? लिखिए तथा बताइए कि इन्हें उष्म व्यंजन क्यों कहा जाता है?

उत्तर उष्म व्यंजनों की संख्या चार है – श, ष, स, ह

उष्म व्यंजन के उच्चारण करने में मुख से विशेष प्रकार की उष्मा (गर्म हवा) निकलती है। इसलिए इन्हें उष्म व्यंजन कहा जाता है।